भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3068**
27/3/2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**मंत्रालय में रिक्त पद**

**3068 श्री देरेक ओब्राईन:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मंत्रालय के तहत विभिन्न स्वीकृत पदों पर रिक्तियों का ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त रिक्तियों को भरने की समय-सीमा क्या है;
(ग) क्या सरकार पृथ्वी विज्ञान में अनुसंधान क्षमता का विस्तार करने के लिए मंत्रालय के विभिन्न विभागों के तहत स्वीकृत पदों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रही है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) रिक्तियां: 3004

(ख) विभिन्न पदों के भर्ती नियमों के अनुसार, रिक्तियों को नौकरी की प्रकृति के आधार पर सीधी भर्ती/पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरा जा रहा है क्योंकि यह एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है।

(ग)-(घ) भारत सरकार के एक प्रमुख मिशन, डीप ओशन मिशन के तहत, मंत्रालय ने व्यय विभाग (DoE) के अनुमोदन से 2022 में 70 पदों का सृजन किया है।

*****